आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

डिजिटल पास

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनसम्पर्क को सुगम बनाने के उद्देश्य से आज राज्य सचिवालय शिमला में एकीकृत डिजिटल प्रणाली यूनिफाईड डिजिटल कैलेंडर एंड अपॉइंटमेंट मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये प्लेटफार्म मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए प्रमुख इंटरफेस के रूप में कार्य करेगा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ये पहल जनता व सरकार के बीच डिजिटल सेतु का कार्य करेगी, जिससे जनसम्पर्क अधिक सुविधाजनक और प्रभावी बनेगा। उन्होंने कहा कि ये प्रणाली विभिन्न सरकारी विभागों को एक केंद्रीयकृत डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से बैठक संबंधी आग्रह भेजने की सुविधा भी प्रदान करेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने एक बैठक में नई दिल्ली स्थित हिमाचल भवन व हिमाचल सदन और हिमाचल भवन चंडीगढ़ में आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिल्ली में निर्माणाधीन हिमाचल निकेतन के कार्य की समीक्षा करते हुए परियोजना को 15 जून से पहले पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

लोक अदालत

हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला व अधीनस्थ न्यायालयों में कल 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया के निर्देशानुसार इन लोक अदालतों में बैंक मामलों, श्रम विवादों और बिजली व पानी के बिलों से जुड़े प्रकरणों सहित अन्य लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अब तक करीब 63 हजार मामले निपटारे के लिए प्राप्त हुए हैं।

सरकार–पश्चिम एशिया ब्रीफिंग

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर में घरेलू एलपीजी की सुचारू आपूर्ति जारी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में कहा कि सरकार का प्रयास है कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की कमी का सामना न करना पड़े और कीमतें स्थिर बनी रहें। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के लिए पांच किलोग्राम के सिलेंडरों की आपूर्ति भी बढ़ा दी है। सुजाता शर्मा ने कहा कि देशभर में वाणिज्यिक आपूर्ति लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल हो गई है। उन्होंने ये भी कहा कि देश में कहीं भी पेट्रोल या डीजल की कमी नहीं है।

रेड क्रॉस दिवस

आज विश्व रेडक्रॉस दिवस है। यह दिवस मानवता, सेवा और सहायता की भावना को समर्पित है। विश्व रेडक्रॉस हर साल 8 मई को हेनरी ड्यूनेंट की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है– ऑन द साईड ऑफ हयूमैनियटी– मानवता के पक्ष में खड़ा होना है।

इस मौके पर बच्चों और रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की और उन्हें रेडक्रॉस का स्टीकर भेंट किया। मुख्यमंत्री ने भी रेडक्रॉस फंड के लिए अंशदान दिया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से रेडक्रॉस फंड में उदारतापूर्वक अंशदान का आग्रह किया और कहा कि इस फंड से एकत्रित धनराशि संकट की घड़ी में जरूरतमंदों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

सड़क बहाल

सीमा सड़क संगठन बी.आर.ओ. ने दारचा–शिंकुला सड़क पर बर्फ हटाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। लाहौल स्पीति ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष व उपायुक्त किरण भढ़ाणा ने इस सड़क को सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए खोलने के आदेश जारी किए हैं।

युवा संगम

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत युवा संगम का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं में सांस्कृतिक एकीकरण को बढावा देना व लोगों के संपर्कों को सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न हिस्सों के युवा प्रतिभागी जीवन, विकास, संस्कृति, विरासत, शिक्षा, पर्यटन, नवाचार और श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों के विभिन्न पहलुओं का अनुभव करने के लिए सहयोगी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का दौरा कर रहे हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम की परिकल्पना विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों के बीच विचार–विमर्श और परस्पर समझ को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई थी। युवा संगम शिक्षा और सांस्कृतिक आदान–प्रदान का कार्यक्रम है।

———————————————